राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7–ए, सुल्तान हाउस, सवाई जयसिंह हाईवे, बनिपार्क, जयपुर–302016
फोन नम्बर 0141–4004914 **Website:-** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांक – काउन्सलिंग / सत्र(2020–21) / 84 दिनांक : 22/07/2021

:: जन साधारण सूचना ::

राजस्थान राज्य में राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल से मान्यता / संबद्धता प्राप्त निजी एवं राजकीय महाविद्यालय / संस्थानों में विभिन्न पैरा मेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2020–21 में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र दिनांक 03.02.2021 से 23.04.2021 तक आमंत्रित किये गये थे। जिसमें प्राप्त आवेदन–पत्रों के आधार पर सत्र 2020–21 में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेने के लिए प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक – 28 दिनांक 28.01.2021 के बिंदु संख्या 8(ii) के अनुसार प्रथम काउन्सलिंग(ऑनलाईन) के लिए विकल्प–पत्र(**महाविद्यालय / संस्थान एवं पाठ्यक्रम के समुच्चय (Combination) का चुनाव**) करने हेतु पोर्टल दिनांक 23.07.2021 से 31.07.2021 तक खोला जा रहा है। विकल्प चयन में अधिकतम चार पाठ्यक्रमों का ही चयन कर सकते है किन्तु इन चयनित चार पाठ्यक्रमों के साथ संस्थानों / महाविद्यालयों के कितने भी समुच्चय (Combination) को विकल्प के रूप में भर सकते है।

सभी अभ्यर्थी विकल्प पत्र में विकल्पों का चयन कौंसिल द्वारा जारी विज्ञप्ति क्रमांक – 28 दिनांक 28.01.2021 में दी गयी शर्तों का गहन अवलोकन एवं समय–समय पर जारी किये गये आवश्यक दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए ही करे। एक बार विकल्प–पत्र भरने और **Lock & Submit** करने के बाद विकल्प–पत्र में भरे गये विकल्पों के चयन में किसी भी परिस्थिति में कोई भी संशोधन नहीं किया जायेगा और भरे गये विकल्प–पत्र के अनुसार ही प्रथम काउन्सलिंग(ऑनलाईन) कर दी जायेगी।

रजिस्ट्रार